तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026


**शहर में आज**

- नगर निगम में सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर


C.B.S.E. AFF. NO. 532014

SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
EDUCATION BEYOND YOUR THOUGHTS

# SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
(A Co-Educational English Medium CBSE School Nur to XII)

**Self studies & Consistent Efforts make it possible**

**Congratulations to all the Sangwan Stars**

## सीबीएसई बोर्ड में छाये सांगवान स्कूल के छात्र व छात्राएं

## Shining Stars of Class 12th

### Subject Toppers

Yoshna Painting-100
Priya Music-100
Himanshi Rana Music-100
Aditi Music- 100
Aditi Music- 100
Khushi Music- 100
Sahil Fine Art-100 Math-93
Pari Malik Bio.-99, Phy. Edu.-97 Chemistry- 96, Phy.-91
Amen Dahiya English - 97
Nancy History-95, Hindi-94
Jatin IT - 96
Kunal Pol. Sci.-90

### Percentage Toppers

Pari Malik 95.2% Medical
Sahil 91.8% Non Medical
Parul 91.2% Medical
Nancy 91% Humanities
Isha 89.6% Non Medical

Ayush 89.6%
Amen Dahiya 89.4%
Himanshu 89.2%
Aayush 88.8%
Yoshna 88.4%
Harshit 86.8%
Priya 86.6%

Sneh 85.8%
Simran 85.4%
Palak 85.4%
Vanshika 85.2%
Himanshi Rana 84.8%
Siya 84.4%
Divya 84%

Ritesh 83.6%
Prince 83.2%
Omisha Sangwan 83.2%
Himanshu 83%
Kunal 82.2%
Aryan Kundu 82%
Deepanki 82%

Mehak 81%
Siya 80.8%
Himanshu 80.8%
Prateek Sheoran 80.4%
Lakshay 80.4%
Yashika 80.4%
Abu Sufiyan 80%



School runs under the Leadership of
MR. RAJESH SANGWAN
(Chairman)
Ex. Petty Officer, Indian Navy
20 Years of Exp. in
Defence Job Placement

## ADMISSION OPEN
for Class 11th (All Streams)
HOSTEL FACILITY
2nd to 12th






MANISHA SANGWAN
PRINCIPAL

NEAR MAKRAULI TOLL PLAZA, OPP. HANUMAN MANDIR,
CHAMARIYA ROAD, ROHTAK-124001

Contact us :
7082001082, 84

## खबर संक्षेप



### जीडी गोयंका स्कूल के बच्चों ने रचा इतिहास

**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम हासिल किए। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 13 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

### शानदार रहा आर्य स्कूल का सीबीएसई बारहवीं कक्षा का परिणाम





**महम।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर संपूर्ण क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विज्ञान, कला और कॉमर्स संकाय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्रा तनीषा ने कुल 94.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### विद्यालय के टॉपर कला संकाय से छात्रा सीरत ने पाए 93.6 प्रतिशत अंक

# इंडस स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



इंडस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण दिया है। विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। विद्यालय के टॉपर कला संकाय से छात्रा सीरत ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय से छात्रा अक्षित ने 92 प्रतिशत और छात्रा सृष्टि ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और वाणिज्य संकाय से छात्रा प्रसिद्धि ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की निदेशक एकता सिंधु ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, 'हमारे बच्चों ने मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। यह पूरे इंडस परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मैं सभी विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की कामना करती हूँ।' विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक वशिष्ठ ने भी सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा, 'यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हमें अपने बच्चों पर गर्व है।

### जॉन वेस्ले के विद्यार्थी छाए, कृतिका रही प्रथम



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय की छात्रा कृतिका ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। गौरी ने 95.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा प्रिंस ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में कृतिका प्रथम, प्रिंस द्वितीय और हरीतिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में गौरी ने प्रथम, तनिका ने द्वितीय और उत्तम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान संकाय में श्याम, जतिन और श्रेया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



**रोहतक।** मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम जिले भर में रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने पिछले वर्षों की उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी बेहतरीन परिणाम हासिल किए। राहिनी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शौर्य बंसल ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा, रक्षिता ने 94.4 प्रतिशत के साथ तीसरा तथा पलक ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। अंश और दीया ने 93.8 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। विषयवार उपलब्धियों में अर्थशास्त्र में दो, संगीत में पांच तथा पेंटिंग में तीन विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में देव ने पाया अव्वल स्थान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल का कक्षा 12वीं परिणाम शानदार रहा। साइंस संकाय में देव ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। अनुष्का ने 87.6 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा तथा यशिका ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं कॉमर्स संकाय में कार्तिक ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। पार्थ जैन ने 85.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा भव्यता ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97.5 प्रतिशत रहा सैनी सीनियर सेंकेडरी स्कूल का परिणाम



**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97.5 प्रतिशत रहा, जो बोर्ड के 84.67 प्रतिशत परिणाम से 12.83 प्रतिशत अधिक है। विद्यालय के 124 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 121 विद्यार्थी सफल रहे। साथ ही 29 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र देव ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनमोल ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा कुणाल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी, उपप्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार सैनी तथा प्राचार्य डॉ. आर.के. सैनी ने विद्यार्थियों को बधाई दी।




### स्वामी नितानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** स्वामी नितानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया और विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मिठाई बांटकर सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय के छात्र पियूष पाराशर ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। केशव अत्री ने 95.2 प्रतिशत, पुनिया जैन ने 94.4 प्रतिशत तथा विनीत नेहरा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा प्रियांशी, परी पलक, सौरभ नैन, रिया, तनु, शौर्य, कोमल और तनिशा ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। चेयरमैन सुमित मलिक, उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनु धनखड़ और वरिष्ठ प्रशासक छवि अरोड़ा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्कॉलर्स रोजरी स्कूल का 12वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**रोहतक।** अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए स्कॉलर्स रोजरी स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। कुल 241 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 57 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 82 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। ह्यूमैनिटीज संकाय में प्रणवी ढुआ ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में विदित गर्ग ने 97.2 प्रतिशत तथा साइंस में ललितेश ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विषयवार उपलब्धियों में बिजनेस स्टडीज, इकोनॉमिक्स, पेंटिंग, संगीत, मनोविज्ञान और अन्य विषयों में कई विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति गुगनानी एवं निदेशक डॉ. रविंद्र गुगनानी ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।





### मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रोहतक।** सेक्टर-4 स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की मेहनत और लगन पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय बनी। कला संकाय में लक्षिका ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में मीनल ने 95.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वाणिज्य संकाय में राघव चुघ ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। लक्ष्या, प्राची और तन्वी ने फाइन आर्ट्स में 100 अंक प्राप्त किए। मीनल और नितिन ने बायोलॉजी में 99 अंक हासिल किए, जबकि मीनल ने केमिस्ट्री में भी 99 अंक प्राप्त किए। लक्षिका ने इकोनॉमिक्स और हिस्ट्री में 99 अंक अर्जित किए। अलीशा ने म्यूजिक में 99 अंक, जबकि अश्मी और लक्षिका ने पॉलिटिकल साइंस में 98 अंक प्राप्त किए।

### बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लेकर मनीष बने स्कूल टॉपर

**रोहतक।** प्रीत विहार कॉलोनी स्थित न्यू हरियाणा स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मिठाई बांटकर सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय के छात्र मनीष ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहद सराहनीय रहा तथा अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय परिवार में गर्व का माहौल है। विद्यालय के निदेशक जे.एस. बूरा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।






### आईबी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में लहराया परचम

**रोहतक।** आईबी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम शानदार सफलता के रूप में सामने आया। कॉमर्स संकाय में जशित सिक्का ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तरनदीप सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अवनी और बिन्नी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। साइंस संकाय में अलीशा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शीतल स्पोर्ट्स स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रोहतक।** शीतल स्पोर्ट्स स्कूल के विद्यार्थियों ने हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा आयोजित इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता शहीद मदन लाल ढींगरा कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टर बनाकर अपनी कला का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रस्तुति को भी खूब सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल हुड्डा और स्कूल निर्देशिका राजवंती हुड्डा ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।





### टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में स्थापित किया कीर्तिमान

**रोहतक।** टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा 24 विद्यार्थियों ने मेरिट और छात्रवृत्ति प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। निदेशक सुनील भ्याणा ने बताया कि कला वर्ग में पूजा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। हीना ने 90 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि गरिमा और हंशुमन ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य वर्ग में रूपाली और तनीशा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अलीशा और तान्या ने 83 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं भव्य, कृष्ण और दिव्या ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### पठानिया स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया इतिहास

**रोहतक।** पठानिया स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सफलता का परचम लहराया। 13 मई को घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 82 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए । कक्षा 12वीं में ओवरऑल प्रथम स्थान कॉमर्स संकाय की गुणिका गुलाटी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। रितेष, लक्षिता और सुकृति ढुल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भव्या सिंह और खुशी जैन 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। मेडिकल संकाय में रितेष ने 96.8 प्रतिशत, नॉन मेडिकल में मनप्रीत ने 95.8 प्रतिशत, कॉमर्स में गुणिका गुलाटी ने 98.2 प्रतिशत तथा कला संकाय में लक्षिता और सुकृति ढुल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।



**सूचना**

मैं, केला देवी पत्नी श्री उमेद सिंह निवासी रेलवे कालोनी कलानौर तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र भीम व पुत्रवधु ममता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### शिक्षा, संस्कार एवं सेवा के केंद्र हैं गुरुकुल-स्वामी आदित्यवेश

# आज बेटियां किसी से कम नहीं, विश्व स्तर पर कर रही नाम रोशन : आचार्या सुकामा

**रोहतक।** विश्ववारा कन्या गुरुकुल, रुड़की की कक्षा 12वीं की छात्रा उदिता आर्या ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड परीक्षा में प्रदेशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रोहतक जिले एवं गुरुकुल का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर गुरुकुल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। समारोह में सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि गुरुकुल केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज को नई दिशा दे रही हैं। गुरुकुल की संचालिका एवं पद्मश्री सम्मानित आचार्या डॉ. सुकामा ने कहा कि आज की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। यदि उन्हें उचित शिक्षा, संस्कार और अवसर मिलें तो वे देश और समाज का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर सकती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने उदिता आर्या को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी सफलता पूरे रोहतक जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर मानव सेवा प्रतिष्ठान दिल्ली के प्रधान चन्द्रदेव शास्त्री, सोमदेव शास्त्री, सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. विवेकानंद शास्त्री तथा उदिता आर्या के दादा योगेंद्र सिंह तथा गुरुकुल की शिक्षिकाओं सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कन्या गुरुकुल रुड़की की उदिता ने सीबीएसई की परीक्षा में प्रदेश में पाया द्वितीय स्थान**




**रोहतक।** उदिता आर्या को सम्मानित करते पदमश्री डॉक्टर सुकामा ,स्वामी आदित्य वेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक। फोटो : हरिभूमि

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## न्यूज डायरी

### श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार, हर्षित के 95.6 प्रतिशत अंक



**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के कॉमर्स एवं साइंस संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। कॉमर्स संकाय में हर्षित जैन ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। योगांश खुराना ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा केशव अरोड़ा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। साइंस संकाय में मयंक ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### एचडी स्कूल का 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत





**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम उत्कृष्ट सफलता के रूप में सामने आया। निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय की छात्रा चंचल ढाका, निवासी गांव सुंडाना ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप स्थान हासिल किया।

### न्यू विद्या भारती स्कूल की छात्रा अंजलि ने सीबीएसई की परीक्षा में पाए 91.20 प्रतिशत अंक



**रोहतक।** न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। खास बात यह रही कि 40 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। विद्यालय की छात्रा अंजलि ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। परीक्षा में 87.40 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा मन्नु ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है।

### छोटू राम स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार









**रोहतक।** छोटू राम मैमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम शानदार सफलता के रूप में सामने आया। विज्ञान संकाय के छात्र हर्ष मलिक ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं छात्रा दिशा ने संगीत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और इसे विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्या सुमन श्योरान एवं स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

### ग्रीन फील्ड स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में गाड़े सफलता के झंडे



**रोहतक।** सीबीएसई 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणामों में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कारोर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कला संकाय में यशिका ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा सृष्टि ने 89.6 प्रतिशत, प्रिंस ने 88 प्रतिशत, यश ने 86 प्रतिशत, अनीषा ने 84.6 प्रतिशत तथा भविष्य ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की मुस्कान ने पाए 96.8 प्रतिशत अंक, मनन ने 96.6 फीसदी अंक











**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए शानदार अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय की रक्षिता और सेजल तथा कला संकाय की मुस्कान गोयल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। मनन ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा निशिका ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में रक्षिता और सेजल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कला संकाय में मुस्कान गोयल ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। नॉन मेडिकल में हितेष ने 93.6 प्रतिशत तथा मेडिकल संकाय में तेजस ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### शत प्रतिशत रहा रामकृष्ण परमहंस स्कूल का 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम, जताई खुशी



**महम।** मदीना स्थित रामकृष्ण परमहंस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का सीबीएसई 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा है। विद्यालय चेयरमैन रविंद्र दांगी ने बताया कि स्कूल के कुल 103 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। इनमें से 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जबकि 50 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल टॉपर्स में इशिका ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं मितांशु 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा जबकि निकिता 94.2 फीसदी अंकर लेकर तीसरे स्थान पर रही।

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026


तापमान

अधिकतम 44 .0 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री


12 सड़कों पर सड़ने लगा कूड़ा



12 दाखिला प्रक्रिया को छात्र केंद्रित बनाने को लेकर किया ..




## सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित

# बेटियों का जलवा, कॉमर्स में गुणिका के 98.2% अंक

- आर्ट्स में प्रणवी दुआ ने 98% अंकों के साथ किया शानदार प्रदर्शन
- जिले के कई स्कूलों के छात्रों ने 95 % से अधिक अंक किए हासिल
- जिल्ट आते ही स्कूलों और घरों में जश्न, मिठाइयों से मना सफलता का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में रोहतक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने कॉमर्स, आर्ट्स और अन्य संकायों में बेहतरीन अंक हासिल कर सफलता की नई इबारत लिखी। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसरों और विद्यार्थियों के घरों में खुशी का माहौल बन गया। मिठाइयों की खुशबू और मोबाइल स्क्रीन पर चमकते रिजल्ट, दिनभर उत्सव का दृश्य बनाते रहे। पठानिया पब्लिक स्कूल की छात्रा गुणिका गुलाटी ने कॉमर्स संकाय में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में अपनी विशेष पहचान बनाई। इसी स्कूल की लक्षिता और सुकृति ढुल ने कला संकाय में 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। आईबी स्कूल के जशित सिक्का ने कॉमर्स में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।



गुणिका गुलाटी

लक्षिता और सुकृति ढुल ने कला संकाय में 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए

### मुस्कान सहित कई छात्रों का शानदार प्रदर्शन

स्कॉलर रोजरी स्कूल की प्रणवी दुआ ने आर्ट्स संकाय में 98 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। डीएवी शताब्दी स्कूल की मुस्कान गोयल ने कला संकाय में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल की छात्रा राहिनी ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि स्वामी नितानंद स्कूल के पीयूष पारासर ने 96.6 % अंक प्राप्त किए।

### लक्षिका और कृतिका ने चमकाया नाम

मॉडल स्कूल सेक्टर-4 की लक्षिका ने कला संकाय में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के हर्षित जैन ने कॉमर्स संकाय में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा कृतिका ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया।

## दो भाइयों पर जानलेवा हमला, तीन पर केस

**रोहतक।** पुलिस ने गांव करौंथा निवासी दो भाइयों पर जानलेवा हमला करने के मामले में तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता राजकुमार और राजवीर ने आरोप लगाया कि गांव शिमली निवासी अजय, साहिल और नरेश ने रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने किसी तरह बचकर पुलिस को सूचना दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला से ऑनलाइन 46 हजार रुपये ठगे

**महम।** महम कस्बे में एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। वार्ड-1 निवासी ललिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यूट्यूब पर कुत्तों की बिक्री का विज्ञापन देखकर उसने दिए गए नंबर पर संपर्क किया। आरोपियों ने अलग-अलग नस्ल के कुत्तों की फोटो भेजकर एक स्कैनर के जरिए 46 हजार 990 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। राशि भेजने के बाद आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया, तब महिला को ठगी का पता चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सांपला नगरपालिका चुनाव : बागी भी नहीं रोक पाए विजय रथ

# हुड्डा के गढ़ में भाजपा का परचम, प्रवीण कोच दूसरी बार बने नपा चेयरमैन

- भाजपा प्रत्याशी ने 687 वोटों से निर्दलीय अंकित को हराया
- निर्दलीय प्रत्याशियों ने 16 में से 10 वार्डों पर परचम लहराया
- मुकाबला रोचक रहा, कहीं 2 तो कहीं 3 वोट से तय हुआ नतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रभाव वाले सांपला क्षेत्र में नगरपालिका चुनाव के नतीजों ने स्थानीय राजनीति में बड़ा संदेश दिया है। लंबे समय से कांग्रेस प्रभाव वाले माने जाने वाले इस इलाके में भाजपा ने पहली बार चेयरमैन पद पर जीत दर्ज कर कमल खिलाने का काम किया। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण कोच ने लगातार दूसरी बार चेयरमैन बनने की राह तय करते हुए पार्टी की स्थिति को मजबूत किया। चुनाव परिणामों को कांग्रेस के लिए हलके में मुश्किल दौर की शुरुआत के रूप में भी देखा जा रहा है। चेयरमैन पद का मुकाबला इस बार शुरुआत से ही बेहद रोचक माना जा रहा था। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण कोच और निर्दलीय उम्मीदवार अंकित ओहलान के बीच सीधी टक्कर चर्चा का विषय बनी हुई थी। मतदान के दिन से लेकर मतगणना के अंतिम दौर तक समर्थकों की नजरें परिणामों पर टिकी रहीं और अंतिम दौर तक सस्पेंस बना रहा। कई चरणों की मतगणना में मुकाबला कड़ा दिखाई दिया, जिससे दोनों पक्षों के समर्थकों में उत्सुकता बनी रही। आखिरकार प्रवीण कोच ने 687 मतों से बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की। चुनाव परिणामों के अनुसार प्रवीण कोच को 4391 मत प्राप्त हुए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी अंकित ओहलान को 3704 वोट मिले। वहीं तीसरे स्थान पर रहे भाजपा के बागी उम्मीदवार सुधीर ओहलान को 1984 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा भाजपा के दो अन्य बागी अनिल और मंजीत भी चुनावी मैदान में थे। राजनीतिक जानकारों का मानना था कि भाजपा के बागी उम्मीदवार चुनाव में प्रवीण कोच के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रवीण कोच का विजय रथ नहीं रुक सका। 16 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा समर्थित 6 पार्षद जीत दर्ज करने में सफल रहे, जबकि 10 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। कई वार्डों में मुकाबले बेहद कड़े रहे और अंतिम दौर तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। वहीं प्रवीण कोच की जीत की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। विजयी जुलूस में चुनाव प्रभारी डॉ. अरविंद शर्मा, जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला महामंत्री अभिनंदन शर्मा, चेयरमैन उदयभान मलिक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।





**रोहतक।** विजेता प्रवीन कोच को सर्टीफिकेट देतीं अधिकारी एवं रोड शो निकालते हुए मंत्री अरविंद शर्मा और विजेता प्रवीण कोच।

### 16 वार्डों में से भाजपा ने 6 सीटें जीती

सांपला नगरपालिका चुनाव में 16 वार्डों में से भाजपा ने 6 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि 10 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे। वार्ड-3 से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। कई वार्डों में मुकाबला बेहद कांटे का रहा।सबसे बड़ी जीत वार्ड-12 में निर्दलीय प्रत्याशी मनीष ने दर्ज की, जबकि वार्ड-16 में भाजपा प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने मात्र 2 वोटों से जीत हासिल की। चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी प्रत्याशियों और समर्थकों ने जश्न मनाया।

### वार्ड-12 में मनीष की सबसे बड़ी जीत

सांपला नगर पालिका चुनाव के कई वार्डों में बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वार्ड-12 में निर्दलीय प्रत्याशी मनीष ने सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए पूर्व पार्षद मनोज को 338 वोटों से हराया। इस वार्ड में भाजपा ने किसी उम्मीदवार को अधिकृत चुनाव चिन्ह नहीं दिया था।वहीं सबसे कांटे का मुकाबला वार्ड-16 में रहा, जहां भाजपा प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने मात्र 2 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड-9 में भी भाजपा प्रत्याशी अजीत केवल 3 वोटों के अंतर से विजयी रहे। कई वार्डों में अंतिम दौर तक हार-जीत को लेकर सस्पेंस बना रहा।

### वार्ड 10 में सबसे नजदीकी मुकाबला

वार्ड 10 का मुकाबला नगरपालिका चुनाव का सबसे नजदीकी और रोमांचक मुकाबला रहा। यहां जीत-हार का फैसला मात्र 2 वोटों से हुआ। दिलचस्प बात यह रही कि इस वार्ड में जितने वोटों का अंतर रहा, उतने ही यानी 2 वोट नोटा के खाते में भी गए। इससे मुकाबला और अधिक चर्चा का विषय बन गया।

## डोभ में हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

# पांच दिन के बाद आनंद की हत्या में दोस्त राहुल गिरफ्तार

- पुलिस ने तकनीकी जांच और पूछताछ के बाद आरोपी तक पहुंची पुलिस
- पुराने विवाद और रंजिश के एंगल से मामले की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव डोभ में हुए चर्चित आनंद हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। अब पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी राहुल को काबू कर अदालत में पेश किया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है। बता दें कि 7 मई 2026 को डोभ निवासी दीपक की शिकायत पर थाना बहुअकबरपुर में केस दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि दीपक का सबसे छोटा भाई आनंद एक निजी कंपनी में काम करता था और गांव में ही रहता था।

### किसी बात को लेकर हुआ था झगड़ा

घटना वाले दिन सुबह करीब नौ बजे आनंद की पत्नी घबराई हुई हालत में दीपक के घर पहुंची। उसने बताया कि आनंद का गांव के ही राहुल और पारस के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया है। सूचना मिलते ही दीपक तुरंत राहुल के घर की ओर दौड़ा। वहां पहुंचते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के आंगन में आनंद खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। उसकी छाती में गोली लगी हुई थी।

### आरोपी से पूछताछ में मिली अहम जानकारियां

जांच के दौरान पुलिस को राहुल की भूमिका संदिग्ध मिली। लगातार दबिश और पूछताछ के बाद पुलिस ने 11 मई को आरोपी राहुल पुत्र राजसिंह निवासी डोभ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिलने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने अभी जांच के हित में ज्यादा खुलासा नहीं किया है।

### पुराने विवाद और रंजिश

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वारदात के पीछे पुराने विवाद और आपसी रंजिश के पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। वहीं दूसरे आरोपी पारस की भूमिका को लेकर भी जांच जारी है। हत्या की योजना पहले से बनाई गई थी या अचानक वारदात दिया अंजाम ।

# कुश्ती में नाम कमाना चाहता था किशोर जनक, घर में पसरा मातम

## पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-33ए में रहने वाले एक जूनियर पहलवान की मौत ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले ट्रेनी रेसलर जनक ने मंगलवार रात घर के स्टोर रूम में पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली थी। गोली उसकी कनपटी में लगी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान परिवार और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने घटनास्थल से रिवॉल्वर और अन्य साक्ष्य कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### स्टोर रूम में वारदात

मूल रूप से झज्जर जिले के डीघल गांव निवासी सतीश अपने परिवार के साथ रोहतक के सेक्टर-33ए में रहते हैं। सतीश रक्षा मंत्रालय में कार्यरत हैं और साथ ही कबड्डी कोच भी हैं। वह दिल्ली के एक सेंटर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। उनका बेटा जनक पढ़ाई के साथ-साथ कुश्ती का अभ्यास करता था और खेलों में रुचि रखता था। मंगलवार देर शाम घर में सामान्य माहौल था। इसी दौरान अचानक स्टोर रूम से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही परिवार के लोग घबराकर कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा खोलने पर जनक खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ा मिला। उसके सिर से खून बह रहा था और पास में पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर पड़ी हुई थी। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही रिश्तेदार और आसपास के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### पोस्टमार्टम के बाद हुआ अंतिम संस्कार

बुधवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोपहर में शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद गमगीन माहौल में जनक का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में रिश्तेदार, परिचित और आसपास के लोग मौजूद रहे। हर किसी की आंखें नम थीं और लोग यही सवाल कर रहे थे कि आखिर इतना शांत और होनहार लड़का ऐसा कदम कैसे उठा सकता है।

**परिवार भी सदमे में** : परिवार के अनुसार जनक किसी तरह के तनाव में नहीं था। घर में भी किसी प्रकार का विवाद या कहासुनी नहीं हुई थी। परिजनों का कहना है कि वह सामान्य व्यवहार कर रहा था और किसी ने उसे डांटा तक नहीं था। ऐसे में उसके इस कदम ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। पुलिस अब जनक के मोबाइल फोन की जांच कर रही है। जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसने घटना से पहले किससे बातचीत की थी

## कस्टम ड्यूटी बढ़ने से महंगा हुआ सोना-चांदी, दुकानदारों पर असर

# ग्राहकों ने खरीदारी से बनाई दूरी

**रोहतक।** केंद्र सरकार द्वारा कस्टम ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के दामों में तेजी आ गई है। सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो महंगी होने से बाजार में हलचल तेज हो गई है। बढ़ती कीमतों का सीधा असर ग्राहकों की खरीदारी पर पड़ रहा है। शादी और त्योहार के सीजन में भी लोग फिलहाल खरीदारी टाल रहे हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ने से केवल हल्की ज्वेलरी या पुराने गहनों की अदला-बदली तक ही खरीदारी सीमित रह गई है।

### दुकानदारों की बढ़ी परेशानी



ड्यूटी बढ़ने से माल खरीदना महंगा हो गया है। इसका असर बिक्री पर भी पड़ रहा है। कई दुकानदारों के अनुसार ग्राहक केवल रेट पूछकर लौट रहे हैं। कारोबार में पहले की तुलना में गिरावट देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि यदि कीमतों में लगातार बढ़ोतरी रही तो छोटे कारोबारियों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। **-तुषार सहगल**, ज्वेलर्स

### व्यापार पर पड़ा असर



कस्टम ड्यूटी बढ़ने के बाद सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के दाम बढ़ गए हैं, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों पर असर पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि बढ़ी कीमतों के कारण ग्राहक खरीदारी से बच रहे हैं और केवल रेट पूछकर लौट रहे हैं। **-जोगिंद्र वर्मा**, ज्वेलर्स

# किलोई दोपाना में स्कॉर्पियो सवार युवकों ने देर रात की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव किलोई दोपाना में देर रात उस समय दहशत फैल गई जब स्कॉर्पियो में सवार कुछ युवकों ने एक गली में पहुंचकर फायरिंग कर दी। घटना रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। हालांकि गोलीबारी में किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आवाज सुनकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फायरिंग की आवाज सुनते ही लोग घरों से बाहर निकल आए, लेकिन स्कॉर्पियो सवार युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फायरिंग अमित पुत्र राजकुमार की गली में की गई थी, जिसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के एंगल से जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

**विडंबना** इस बार जलघर में पानी लिफ्ट न करना पड़ा महंगा, 45 दिन की रहती है सप्लाई

## सिंचाई विभाग भी नहीं दे रहा 600 एकड़ भूमि के लिए पानी

# एमडीयू: दूसरे जलघर का प्रपोजल तैयार हुआ, लेकिन सिरे नहीं चढ़ा

फॉलो अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में पानी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। समय रहते आवश्यक तैयारियां न होने के कारण अब विश्वविद्यालय परिसर में पेयजल आपूर्ति बनाए रखना चुनौती बन गया है। इस बार जलघर में पर्याप्त पानी लिफ्ट नहीं किया गया, जबकि ऐसा होने पर करीब 45 दिन तक पानी की समस्या नहीं आती।विश्वविद्यालय परिसर में फिलहाल केवल एक मुख्य जलघर के जरिए पानी की सप्लाई होती है। दूसरा जलघर बनाने का प्रस्ताव वर्षों पहले तैयार किया गया था, लेकिन अब तक अमल नहीं हो सका। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले समय में यह संकट और गंभीर हो सकता है।स्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पौधों में पानी देने, लंबे समय तक शॉवर लेने, फ्लोर धुलाई और कार वॉशिंग पर रोक लगा दी है। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल प्राथमिकता केवल पेयजल और जरूरी उपयोग को दी जा रही है, ताकि छात्रावासों, विभागों और आवासीय क्षेत्रों में सप्लाई प्रभावित न हो।पानी की कमी का असर विश्वविद्यालय के हरित क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। बागवानी विभाग के कर्मचारियों के अनुसार नियमित सिंचाई नहीं होने से हजारों पेड़-पौधों के सूखने का खतरा बढ़ गया है।





**रोहतक।** फ्लोर, एमडीयू का जलघर    फोटो : हरिभूमि

### पेड़ पौधों की सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा

एमडीयू की कुल जमीन करीब 600 एकड़ है। जहां अत्यधिक पेड़ पोधे हैं। इसी हरियाली की वजह से यूनिवर्सिटी की सुंदरता को चार चांद लगते हैं। यहां के वातावरण की वजह से लोग यहां सुबह और शाम के समय सैर करने के लिए आते हैं। लेकिन इसके बावजूद सिंचाई विभाग की तरफ से एमडीयू के पेड़ पौधों की सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा।

### नहीं किया पानी लिफ्ट

एमडीयू में एक जलघर है। इससे पहले जेएलएन में पहले जलघर में पानी लिफ्ट किया जाता था। लेकिन इस बार नहीं किया गया। सिंचाई विभाग की तरफ से एमडीयू में लगे हुए पेड़ पोधों को पानी देने के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

**-रामनिवास, एक्सईएन सिंचाई विभाग**

## साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में लगाया लाखों का चूना

### एटीएम कार्ड व डॉग खरीदारी के नाम पर दो लोगों से 95000 का फर्जीवाड़ा

**रोहतक।** जिले में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुरानी सब्जी मंडी और महम पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में कुपाल नगर निवासी अनुराग कुमार पुत्र चंद्रबली ओझा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 मई को उसके मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने के तीन मैसेज आए। इन ट्रांजैक्शनों के जरिए कुल 48,500 रुपये निकाले गए। अनुराग के अनुसार उसका एटीएम कार्ड गुम हो गया था, लेकिन उसने किसी को भी अपना पिन कोड नहीं बताया था। इसके बावजूद खाते से रकम निकाल ली गई। अगले दिन उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस अब बैंक ट्रांजेक्शन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। दूसरे मामले में महम निवासी ललिता पत्नी प्रमोद कुमार ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गईं। ललिता ने बताया कि 21 अप्रैल को वह यूट्यूब पर अच्छी नस्ल के कुत्तों की वीडियो देख रही थीं। वीडियो में दिए गए नंबर पर उनके पति के फोन से संपर्क किया गया। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग नस्ल के कुत्तों की तस्वीरें भेजीं और एक स्कैनर लिंक साझा किया। कुछ देर बाद एक अज्ञात नंबर से कॉल आई और स्कैनर के माध्यम से कई बार भुगतान करवाकर कुल 46,990 रुपये ठग लिए गए। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

### मर्सिडीज कार खरीद में 39 लाख की धोखाधड़ी, कई पर केस दर्ज

**रोहतक।** पुलिस ने लग्जरी कार की खरीद में कथित धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वाहन ट्रांसफर करने के मामले में कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सेक्टर-30 आईएमटी निवासी कपिल भयाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने दिसंबर 2023 मॉडल की मर्सिडीज ई-220 कार सत्यपाल निवासी मसानी, रेवाड़ी से 39 लाख 1 हजार रुपये में खरीदी थी। यह सौदा उनकी पत्नी के नाम पर गाड़ी ट्रांसफर कराने के लिए हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार 30 सितंबर 2025 को 1.01 लाख रुपये नकद दिए गए, जबकि 1 अक्टूबर को 28 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा 6 लाख रुपये लक्ष्य और राकेश यादव के जरिए सत्यपाल को दिए गए। शेष 4 लाख रुपये गाड़ी ट्रांसफर होने के बाद देने तय हुए थे।कपिल ने बताया कि अक्टूबर 2025 में एग्रीमेंट के बाद गाड़ी उन्हें सौंप दी गई, लेकिन आरोपी लगातार ट्रांसफर टालते रहे। बाद में परिवहन एप पर जांच करने पर पता चला कि गाड़ी राजेश कुमार निवासी भिवाड़ी के नाम ट्रांसफर कर दी गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### निकाय चुनावों में मिला प्रचंड आशीर्वाद : रंगा

**रोहतक।** भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ अशोक कुमार रंगा ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितकारी नीतियों, पारदर्शी प्रशासन और विकास कार्यों में जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है तथा निकाय चुनावों के परिणाम जनता द्वारा भाजपा सरकार को दिए गए प्रचंड आशीर्वाद का स्पष्ट प्रमाण हैं।

### जिले में चार लोग लापता, मामले दर्ज

**रोहतक।** जिले में अलग-अलग क्षेत्रों से चार लोगों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। संबंधित थानों में परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। फतेहपुरी कॉलोनी निवासी पुनीत का बेटा, गांव घुसकानी के चंदा सिंह की बेटी, बोहर निवासी प्रदीप का बड़ा भाई विकास और भिवानी रोड निवासी दीपक का 23 वर्षीय बेटा ध्रुव के लापता हो गया है। सभी मामलों में पलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीजी छात्रा से अभद्रता आरोपी के खिलाफ केस

**रोहतक।** एक पीजी छात्रा के साथ अभद्रता और धमकी देने के मामले में सदर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा के अनुसार आरोपी ने उसके साथ गलत तरीके से पेश आने का प्रयास किया। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद छात्रा ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**रोहतक।** लाखनमाजरा पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिला के ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। । पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में लाखन माजरा निवासी अंजलि पुत्री बलवीर ने बताया कि उसका विवाह गुरुग्राम निवासी मोहित राणा के साथ हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति मोहित राणा, ससुर हकीकत राणा, सास सुशीला और जेठ रोहित लगातार उसे मानसिक और शारीरिक रूप से दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं।

### आदर्श नर्सिंग मदीना में मनाया नर्सेज वीक

**महम।** आदर्श स्कूल ऑफ़ नर्सिंग मदीना में नर्सेज़ वीक बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं ने समुदाय में जाकर कन्या भ्रूण हत्या पर जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने उनके प्रयास की सराहना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# पीजीआईएमएस में अब मरीजों को उसी दिन मिलेगी रक्त जांच रिपोर्ट, मोबाइल पर मैसेज में भेजा जाएगा लिंक

रोजाना प्रदेश भर से 8 हजार मरीज आते हैं उपचार करवाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अब मरीजों को रक्त जांच रिपोर्ट के लिए कई दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। संस्थान प्रशासन ने मरीजों को बड़ी राहत देते हुए अधिकांश ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट उसी दिन ओपीडी समय में उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू कर दी है। रिपोर्ट का लिंक सीधे मरीजों के मोबाइल नंबर पर मैसेज में भेजा जाएगा, जिससे उन्हें अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मरीज लिंक पर जाकर अपनी रिपोर्ट देख सकते हैं। यह फैसला हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीजीआईएमएस दौरे के बाद लिया गया है। मंत्री ने रिपोर्ट मिलने में कई-कई दिन लगने पर नाराजगी जताई थी और अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने लैब सेवाओं और डिजिटल सिस्टम में तेजी लाने का निर्णय लिया।



**परेशानी नहीं होने दी जाएगी**
नई व्यवस्था के तहत मरीजों को जांच रिपोर्ट उसी दिन मिल रही हैं। मरीजों के मोबाइल पर लिंक भेजा जा रहा है। उनको किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।
-डॉ कुंदन मित्तल, एमएस, पीजीआईएमएस

### मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

पीजीआईएमएस रोहतक प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी मेडिकल संस्थान है, जहां हर रोज हरियाणा सहित आसपास के राज्यों से 8 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में मरीजों को ब्लड टेस्ट, एमआरआई, सीटी स्कैन और एक्सरे जैसी जांचें करवानी पड़ती हैं। रिपोर्ट मिलने में देरी के कारण मरीजों को दोबारा अस्पताल आना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की परेशानी होती थी। अब सामान्य रक्त जांचों की रिपोर्ट कुछ घंटों में तैयार कर दी जाएगी। रिपोर्ट तैयार होते ही मरीज के मोबाइल नंबर पर मैसेज के जरिये लिंक भेजा जाएगा। मरीज घर बैठे मोबाइल पर रिपोर्ट देख सकेंगे और जरूरत पड़ने पर डाउनलोड भी कर पाएंगे।

### इनमें लगेगा टाइम

हालांकि थायराइड प्रोफाइल और कुछ बड़े एवं विशेष जांच टेस्ट की रिपोर्ट में अभी समय लगेगा। इन जांचों के लिए मशीन प्रक्रिया और तकनीकी परीक्षण अधिक समय लेते हैं, इसलिए उनकी रिपोर्ट पहले की तरह निर्धारित समय पर ही जारी की जाएगी। फिर भी प्रशासन कोशिश कर रहा है कि इनकी रिपोर्ट भी जल्द उपलब्ध कराई जा सके।

### रिपोर्टिंग प्रक्रिया को बना रहे डिजिटल

एमआरआई और सीटी स्कैन रिपोर्ट को लेकर भी नई व्यवस्था लागू की जा रही है। अब रेडियोलॉजी विभाग में रिपोर्टिंग प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जा रहा है, ताकि मरीजों को जल्दी रिपोर्ट मिल सके। इसके अलावा एक्सरे रिपोर्ट भी सीधे डॉक्टरों के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच रहे हैं। इससे डॉक्टर तुरंत रिपोर्ट देखकर मरीज का उपचार शुरू कर सकेंगे।

### डाटा रहेगा ऑनलाइन सेव

अस्पताल प्रशासन के अनुसार डिजिटल हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के लिए आईटी नेटवर्क को अपग्रेड किया जा रहा है। मरीजों का डेटा सुरक्षित रखने के साथ-साथ रिपोर्ट वितरण को तेज और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। आने वाले समय में सभी जांच रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप के जरिए उपलब्ध कराने की योजना भी तैयार की जा रही है।

# सड़कों पर सड़ने लगा कूड़ा

### बारिश के बाद शहर में बढ़ गई गंदगी नाक भौं सिकोड़ कर निकल रहे लोग

### चंडीगढ़ में हुई बैठक रही बेनतीजा, सफाई कर्मी हड़ताल को लेकर आज लेंगे फैसला

- सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से व्यवस्था चरमराई, प्राइवेट एजेंसी भी नहीं संभाल पा रही हालात

सफाई संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में हुई हल्की बारिश के बाद सड़कों, गलियों और बाजारों में पड़े कूड़े से बदबू फैलने लगी है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कई इलाकों में पिछले कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया, जिससे अब हालात और खराब हो गए हैं। बारिश के कारण गीला कूड़ा सड़ने लगा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। इसके चलते नगर निगम की नियमित सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शहर के मुख्य बाजारों, कॉलोनियों और रिहायशी क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कई स्थानों पर लोगों ने स्वयं भी कूड़ा उठाने या हटाने की कोशिश नहीं की, जिससे गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के कुछ एरिया में लोग अपने खर्च से किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से अपना कूडा उठवा रहे है। लेकिन एजेंसी सीमित संसाधनों के कारण केवल कुछ प्रमुख स्थानों से ही कूड़ा उठा पा रही है। अंदरूनी गलियों और छोटी कॉलोनियों में अब भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। बारिश के बाद इनमें से दुर्गंध उठने लगी है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### सरकार ने 30 जून तक टाइम मांगा



### सब्जी मंडी व बाजारों में हालात और खराब

सब्जी मंडियों और बाजार क्षेत्रों में स्थिति अधिक खराब दिखाई दे रही है। दुकानदारों का कहना है कि कूड़ा लंबे समय तक पड़े रहने से ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। वहीं कई जगह आवारा पशु कूड़े में मुंह मारते दिखाई दे रहे हैं, जिससे गंदगी और फैल रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। दूसरी ओर चंडीगढ़ में सरकार और सफाई कर्मचारियों के बीच 6 घंटे चली मीटिंग में हड़ताल समाप्ति पर कोई फैसला नहीं हो पाया। वार्ता के बाद कर्मचारी नेता नरेश शास्त्री का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि जो मीटिंग में बातें हुई है वह सारी चीज जो हमारे कर्मचारी हैं उनको बुलाकर उनके सामने रखी जाएगी, और हड़ताल पर आगामी निर्णय गुरुवार को लिया जाएगा। सरकार ने हमें आश्वासन दिया है कि जो भी आपकी मांगें हैं हम उसको 30 जून तक पूरा कर देंगे।

### बूंदाबांदी ने कुछ देर के लिए गर्मी से दी राहत

**रोहतक।** बुधवार शाम को बूंदाबांदी ने शहरवासियों को कुछ देर के लिए गर्मी से राहत जरूर दिलाई, लेकिन बारिश थमते ही उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच शाम के समय मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादल छाए और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन हवा में नमी बढ़ने से चिपचिपी गर्मी महसूस होने लगी। दिनभर पूर्वी दिशा से हवाएं चलती रहीं। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। शाम के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग मौसम का आनंद लेते नजर आए। कई लोग घरों की छतों और पार्कों में पहुंच गए। बिजली कटौती वाले क्षेत्रों में लोगों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पंखे और कूलर भी उमस के आगे बेअसर नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार एक-दो दिन तक मौसम में इसी प्रकार बदलाव बना रह सकता है। कहीं-कहीं हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में बहुत अधिक बढ़ोतरी फिलहाल नहीं होगी, लेकिन नमी बढ़ने से उमस बनी रह सकती है।

# फैमिली आईडी में अधिक आय दर्ज होने के कारण विधवा पेंशन बंद, महिलाएं पहुंचीं डीसी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में कई विधवा महिलाओं की पेंशन फैमिली आईडी में अधिक आय दर्ज होने के कारण बंद हो गई है। पेंशन दोबारा शुरू करवाने की मांग को लेकर बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं जिला समाज कल्याण विभाग अधिकारी कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वास्तविक आय कम होने पर भी परिवार पहचान पत्र में ज्यादा आय दर्ज कर दी गई, जिसके चलते उनकी पेंशन रुक गई। ध्यान रहे कि 3 लाख से अधिक वार्षिक आमदनी होते ही सरकार विधवा पेंशन को बंद कर देती है।


रूपा


रामप्यारी


बाला


प्रेमलता

### रिकॉर्ड में त्रुटि सुधारने की प्रक्रिया लंबी और जटिल

कृष्ण कॉलोनी की रामप्यारी, सैमाण की बाला, भैरोभैणी की रूपा ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रही हैं। महिलाओं का कहना है कि समाज कल्याण विभाग उन्हें आय रिकॉर्ड ठीक करवाने के लिए जिला विकास भवन स्थित क्रीड कार्यालय भेज रहा है। महिलाओं के अनुसार उन्होंने संबंधित दस्तावेज जमा करवाए हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। इधर मोरखेड़ी की प्रेमलता ने कहा कि उनकी फैमिली आईडी में इन्कम तीन लाख रुपये से ज्यादा कर दी गई है। महिलाओं कहना है कि रिकॉर्ड में त्रुटि सुधारने की प्रक्रिया लंबी और जटिल है। जिला समाज कल्याण विभाग का कहना है कि पेंशन का रिकॉर्ड फैमिली आईडी से जुड़ा हुआ है।



### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 292 लोगों ने करवाया उपचार, दीं साइकिलें

**रोहतक।** एलपीएस बौसार्ड एवं हरिओम सेवा दल द्वारा हिसार रोड स्थित बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर परिसर में स्वर्गीय सुशीला देवी जैन की जयंती के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ एलपीएस बौसार्ड के एमडी राजेश जैन पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, समिति प्रधान अदीश जैन ने किया। शिविर में 292 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। इस अवसर पर स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को तीन साइकिलें भी भेंट की गईं, जिससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी।



### मुआवजा मिले बिना खेतों से हाईटेंशन बिजली टॉवर नहीं लगने देंगे : किसान

**महम।** क्षेत्र के बडेसरा, किशनगढ़, बहलबा, महम, खरकड़ा, मदीना और भराण गांव के खेतों से हाइटेंशन बिजली लाइन बिछाई जा रही है। यह बिजली लाइन सिवानी मंडी से सोनीपत तक बिछाई जानी है। लाइन के लिए खेतों में बड़े और ऊंचे टॉवर खड़े किए जा रहे हैं। किसानों ने कंपनी कर्मचारियों को खेतों में टॉवर लगाने और तार बिछाने से रोक दिया है। किसानों का कहना है कि कंपनी ने उनको मुआवजा नहीं दिया है। बिना मुआवजा लिए वे अपने खेतों में बिजली की लाइन नहीं बिछने देंगे और न ही कोई खंबा अथवा टॉवर नहीं लगाने देंगे।

## शुगर मिल में काम करने वाले श्रमिकों को नहीं मिला मेहनताना

**रोहतक।** रोहतक शुगर मिल में काम करने वाले करीब 200 श्रमिक अपनी मेहनत की कमाई पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पेराई सत्र शुरू होने से पहले फर्म के अधीन काम करने वाले इन श्रमिकों का आरोप है कि सीजन खत्म हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन आज तक उन्हें पूरा वेतन नहीं मिला। आर्थिक तंगी से जूझ रहे मजदूर बुधवार को सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय पहुंचे और बकाया राशि दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने बताया कि कई बार मिल प्रबंधन और संबंधित फर्म संचालकों से भुगतान की गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। मजदूरों का कहना है कि घर चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की फीस, राशन और बिजली के बिल तक भरना भारी पड़ रहा है। अब मजबूरी में उन्होंने श्रम विभाग का दरवाजा खटखटाया है।

इलेक्ट्रिशियन रोहित के 8800 रुपये, सुरेंद्र के 22000 रुपये, प्रदीप के 15600 रुपये, रवि के 19700 रुपये, अजमेर के 20266 रुपये, आशीष के 20544 रुपये, अजय के 25000 रुपये और अशोक के 15000 रुपये बकाया बताए गए हैं। इसके अलावा रिफाइनरी मैन अशोक के 15000 रुपये, कमल के 29000 रुपये, आनंद के 27057 रुपये, मनीष के 26000 रुपये, चांदवीर के 39100 रुपये तथा टरबाइन मैन रामनिवास के 20526 रुपये लंबित हैं।

## नकली शराब बनाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध सस्ती शराब को ब्रांडेड शराब के रूप में तैयार कर बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मामले में पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी अनुसार, 3 अप्रैल को पुलिस चौकी सुखपुरा की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि टिटौली निवासी अमित और आशीष नामक दो भाई अवैध सस्ती शराब को खाली ब्रांडेड बोतलों में भरकर महंगे दामों में बेचने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सन्नी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आबकारी विभाग के निरीक्षक को साथ लेकर पूर्व सीएम हाउस रोड स्थित एक दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से आरोपी आशीष को काबू कर लिया गया था। पुलिस को दुकान से भारी मात्रा में नकली शराब और शराब तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद हुआ। बरामद सामान में 150 बोतल नकली शराब, 2544 खाली बोतलें, 704 रैपर, 120 ट्रैक एंड ट्रेस स्ट्रिप मार्क, ढक्कन तथा अन्य उपकरण शामिल हैं। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 12 मई को दो अन्य आरोपियों विजय उर्फ फौजी पुत्र ईश्वर निवासी भालौठ तथा मोनू पुत्र राजेंद्र निवासी खरावड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ थाना पुरानी सब्जी मंडी में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

**मामले में पहले भी एक आरोपी हो चुका गिरफ्तार**

## दस माह से टूटा पड़ा है भैणीसुरजन से सैमाण रोड, राहगीर परेशान

**महम।** उपमंडल के गांव सैमाण में ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रहे हैं। गांव की सड़कें टूटी पड़ी हैं। पेयजल आपूर्ति का कोई समय नहीं है। बिजली के लंबे कट लगते हैं। गांव के सरपंच प्रतिनिधि रह चुके सुनील कुमार उर्फ काला ने बताया कि बारिश के दिनों में महम से सैमाण रोड टूट गया था। भैणीसुरजन से सैमाण रोड पर अत्यधिक मात्रा में पानी जमा होने से वह बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गया था। इस सड़क में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लेकिन 10 महीने बीत जाने के बाद भी इस सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांववासी बलबीर सिंह ने बताया कि सैमाण से भैणी मातो जाने वाली सड़क भी बारिश में टूट गई थी। सड़क पर वाहनों के आवागमन से भारी परेशानी हो रही है।

## व्हाइट कोट जिम्मेदारी का प्रतीक माता-पिता भगवान का रूप : कुलपति



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लैक्चर थिएटर 5 में बुधवार को एमबीबीएस 2021 बैच की एक वर्षीय इंटर्नशिप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने सभी इंटर्न्स को हिप्पोक्रेटिक शपथ दिलाई। मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरुण अरोड़ा ने किया।इस अवसर पर उपस्थित सभी इंटर्न को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि आज आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं, इसके लिए आप अकेले नहीं बल्कि आपके माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं। हमने कभी भगवान को नहीं देखा, माता-पिता ही भगवान का रूप होते हैं। इसलिए प्रतिदिन सुबह उठकर उनके पैर छूकर आशीर्वाद अवश्य लें। उनका आशीर्वाद आपकी सबसे बड़ी ताकत है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जब भी ड्यूटी पर रहें, हमेशा अपना व्हाइट कोट अवश्य पहनें और गले में स्टेथोस्कोप जरूर टांगें। इससे एक अलग ही मान-सम्मान मिलता है। व्हाइट कोट केवल वस्त्र नहीं, बल्कि मरीज के विश्वास और हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने युवा डॉक्टरों से आह्वान किया कि मोबाइल और सोशल मीडिया का कम से कम प्रयोग करके रियल वर्ल्ड में जिएं और परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताएं। कुलपति डॉ अग्रवाल ने कहा कि फेलियर से हारना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीखकर सफलता हासिल करनी चाहिए।

### मदवि में कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई

# दाखिला प्रक्रिया को छात्र केंद्रित बनाने को लेकर किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर मंथन हुआ। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ की अध्यक्षता में आयोजित प्रवेश समिति की बैठक में दाखिला प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और स्टूडेंट सेंट्रिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और काउंसलिंग प्रक्रिया को सरल एवं तकनीक आधारित बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को दाखिले के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और पूरी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी हो। बैठक में विभिन्न संकायों और विभागों में उपलब्ध सीटों, मेरिट प्रक्रिया तथा नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत लागू प्रावधानों की भी समीक्षा की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रवेश से जुड़ी सभी जानकारियां समय-समय पर वेबसाइट और अन्य माध्यमों से विद्यार्थियों तक पहुंचाई जाएंगी।

### बीए इंग्लिश कोर्स से खुलेंगे करियर के दरवाजे

**रोहतक।** बदलती दुनिया में अंग्रेजी भाषा अब सिर्फ किताबों का विषय नहीं रही, बल्कि करियर, कम्युनिकेशन और ग्लोबल अवसरों की मास्टर-की बन चुकी है। इसे ध्यान में रखते हुए एमडीयू ने सत्र 2026-27 के लिए चार वर्षीय बीए (इंग्लिश) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार यह कोर्स विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, डिजिटल स्किल्स और रोजगारपरक क्षमताओं से जोड़ने पर केंद्रित है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 मई से शुरू हो चुकी है और विद्यार्थी 26 मई तक आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में करीब 60 सीटें उपलब्ध हैं। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को भाषा दक्षता, प्रभावी संवाद कौशल, क्रिटिकल थिंकिंग, रचनात्मक लेखन और डिजिटल समझ विकसित करने का अवसर देगा।

### आईएचटीएम आज करेगा विशेष सत्र आयोजित

**रोहतक।** बदलती दुनिया में होटल, पर्यटन और आतिथ्य उद्योग युवाओं के लिए करियर का नया ग्लोबल पासपोर्ट बनता जा रहा है। इसी दिशा में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आईएचटीएम) 14 और 15 मई को विशेष ओपन डे सत्र आयोजित करेगा। ये सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईएचटीएम भवन में होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य 12वीं के बाद विद्यार्थियों को होटल मैनेजमेंट, पर्यटन और सेवा क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी देना है। आईएचटीएम के निदेशक प्रो. संदीप मलिक के अनुसार हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन सेक्टर अब केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने और व्यक्तित्व निखारने का अवसर भी दे रहा है।

### मदवि में 20 से शुरू होगा गाइडेंस प्रोग्राम

**रोहतक।** मदवि में युवाओं को रक्षा सेवाओं और सरकारी नौकरियों के लिए तैयार करने की दिशा में 20 मई से सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 जून तक चलेगा । इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल, विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों और संबद्ध कॉलेजों के वर्तमान व पूर्व छात्र भाग ले सकेंगे। इच्छुक विद्यार्थी 20 मई तक पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केवल लिखित परीक्षा तक सीमित न रखकर उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाना है। एसएसबी इंटरव्यू की तैयारी के साथ-साथ प्रतिभागियों को ग्रुप डिस्कशन, मनोवैज्ञानिक परीक्षण, इंटरव्यू तकनीक और टीम वर्क का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शिक्षकों को ई-कंटेंट तैयार करना सिखाया

**रोहतक।** एमडीयू के डिजिटल लर्निंग सेंटर (डीएलसी) ने बुधवार को डिजिटल लर्निंग, ई-कंटेंट डेवलपमेंट और आईएलएमएस आधारित शैक्षणिक सुधार विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल टूल्स, ऑनलाइन शिक्षण तकनीकों और प्रभावी ई-कंटेंट तैयार करने के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक इंटरेक्टिव और तकनीक-सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएलसी निदेशक प्रो. संदीप दलाल ने किया। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित शिक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। 2017 में शुरू हुआ डीएलआईएम सेल अब डिजिटल लर्निंग सेंटर के रूप में विवि में ब्लेंडेड लर्निंग और ऑनलाइन शिक्षा को नई दिशा दे रहा है।